# B.C.S.Govt.P.G.College, Dhamtari (C.G.)

## Sveep

**Voter awareness Programme (05-08-2022)**




# वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराने की छात्रों से की गई अपील




धमतरी 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.) की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के निर्देशन में स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन एवं कैम्पस अम्बेसडर तुकेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य को अपने वोटर कार्ड को एनव्हीएसपी डॉट इन अथवा वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से आधार कार्ड से लिंक कराने की अपील की गई। उक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.अनिता राजपुरिया ने महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं समस्त स्टॉफको अनिवार्य रूप से अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने हेतु निर्देशित किया साथ ही वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रत्येक विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों को निर्देश दिया कि वे अपने छात्र-छात्राओं को वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने हेतु मोटिवेट करें। उक्त अवसर पर स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर एक-एक वोट के महत्व को छात्र-छात्राओं को बताया साथ ही छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि वोटर हेल्पलाईन एप या एनव्हीएसपी डॉट के माध्यम से आप सभी अपने वोटरकार्ड को आधार से लिंक अवश्य कराएँ। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की स्वीप कैम्पस अम्बेसडर तुकेश्वरी साहू ने सभी संकाय के छात्र-छात्राओं को प्रपत्र 06 एवं प्रपत्र 06 बी की विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने हेतु प्रक्रिया को समझाया। उक्त अभियान में डॉ. राकेश साहू, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, स्वीप कैम्पस अम्बेसडर तेजस्वी सोनकर, अपर्णा शर्मा, महेन्द्र साहू, साक्षी शर्मा, पूजा लुंकड़, तोषण साहू, यज्ञदेव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

**Sveep (06-09-2022) One Day Special Camp**





# कॉलेज में हुआ विशेष शिविर

धमतरी। पीजी कॉलेज धमतरी की प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन, स्वीप कैम्पस अंबेसडर तुकेश्वरी साहू, महेन्द्र साहू, दीपिका साहू, अर्पणा शर्मा लखेश्वरी साहू, तोषण साहू, तुषार धीवर एवं साक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता विशेष शिविर का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी प्रो.पंकज जैन ने कहा कि अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की स्थिती में सभी पात्र मतदाता छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन फार्म 6 जमा कराकर उनका ईपिक कार्ड बनवाने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही फार्म 6 बी भी ऑनलाईन जमा कर बने हुए वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने का कार्य भी विशेष शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त अवसर पर स्वीप प्रभारी कैम्पस अंबेसडर तुकेश्वरी साहू न समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं को फार्म 6 एवं फार्म 6 बी की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी अपने मोहल्ले, परिवार, गांव एवं आसपास के सभी लोगों का ऑनलाईन वोटरकार्ड बनवा सकते है एवं साथ ही वोटरकार्ड को आधार से लिंक भी करा सकते है। उक्त अभियान में महेन्द्र साहू, अर्पणा शर्मा, दीपिका साहू, तोषण साहू, लखेश्वरी साहू, तुषार धीवर साक्षी शर्मा ने सभी संकाय के छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत ईपिक कार्ड बनवाने की अपील की तथा मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया।

CS Scanned with CamScanner

## Sveep (07-10-2022) One Day Special Camp



अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं साहू, दिलीप नाग, भुवनलाल साहू, साहू, चुन्नी गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### पीजी कॉलेज में हुआ स्वीप स्पेशल कैम्प का आयोजन

# कैम्प में कॉलेज छात्रों का बना मतदाता परिचय पत्र

धमतरी। मुख्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी के निर्देशानुसार बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की प्राचार्य श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में स्वीप प्रभारी पंकज जैन, स्वीप कैम्पस अम्बेसडर तुकेश्वरी साहू, डिस्ट्रीक्ट स्वीप आइकॉन महेन्द्र कुमार एवं अर्पणा शर्मा, दीपिका साहू, लखेश्वरी साहू, तोषण साहू, साकेत साहू के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वीप विशेष शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं बने हुए ईपिक कार्ड को आधार से लिंक कराया गया।स्वीप प्रभारी पंकज जैन ने विशेष शिविर लगाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे समस्त छात्र-छात्राएँ जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु इस शिविर के माध्यम से वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से फार्म 6 भराया जा रहा है, साथ ही जिन छात्र-छात्राओं का पहले से ही ईपिक कार्ड बन चुका है, उन्हें भी फार्म 6 बी भराकर उनके ईपिक कार्ड को आधार से लिंक कराया जा रहा है। स्वीप कैम्पस



अंबेसडर विधि की छात्रा तुकेश्वरी साहू ने समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत ईपिक कार्ड बनवाने एवं शत-प्रतिशत ईपिक कार्ड को आधार से लिंक कराने हेतु प्रेरित करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश भी दिया।

### पीजी कॉलेज परिसर की स्वयं सेवकों ने की सफाई

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन में रासेयो के जिला संगठक डॉ.एएस साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी अमरसिंग साहू इकाई क्रमांक एक एवं आकांक्षा मरकाम इकाई क्रमांक दो के निर्देशन में रासेयो के स्वंय सेवकों एवं एनसीसी के कैडेटों व्दारा महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और गांधी के संदेशों को आत्मसात करते हये महाविद्यालय परिसर एवं भवन में साफ-सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर रोसेयो के स्वंयसेवकों व एनसीसी के कैडेटो ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया और महात्मा गांधी के संदेशों को जीवन में अपनाने एवं अधिकाधिक लोगों को भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ने हेतु संकल्प लिया गया।

CS Scanned with CamScanner

## Sveep (12-11-2022) College level Speech/Quiz




# पीजी कॉलेज में भाषण एवं क्वीज स्पर्धा का हुआ आयोजन



धमतरी। शासकीय पीजी कॉलेज विधि विभाग में कॉलेज स्तरीय भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण में विषय लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका रखा गया। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत के संविधान से संबंधित 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। स्वीप कैम्पस अम्बेडर तुकेश्वरी साहू, स्वीप डिस्ट्रीक्ट आइकान महेन्द्र कुमार साहू एवं अर्पणा शर्मा, प्राची शर्मा, तोषण साहू, यज्ञदेव, लखेश्वरी साहू, देविका साहू, नागेन्द्र इत्यादि के सहयोग से भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तोषण साहू, द्वितीय स्थान सोमेश्वर गंजीर एवं तृतीय स्थान कुसुमलता ने प्राप्त किया। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुकेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान दीपिका गोस्वामी एवं तृतीय स्थान नीलू नारवानी ने प्राप्त किया।

भाषण में निर्णायक की भूमिका डॉ. हेमवती ठाकुर, दुर्गेश प्रसाद, एवं कोमल प्रसाद यादव ने निभाई। इलेक्शन क्विज में निर्णायक की भूमिका डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ. सीमा साहू एवं निशा तिवारी ने निभाई। स्वीप प्रभारी पंकज जैन ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय कॉलेज में 15 नवम्बर के पूर्व उक्त दोनों प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी एवं प्रत्येक कॉलेज के उक्त दोनों प्रतियोगिता के केवल प्रथम विजेता को 18 नवम्बर को पीजी कॉलेज धमतरी में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय अंतर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। जिला स्तरीय अंतर कॉलेज इलेक्शन क्विज के प्रथम विजेता को चार हजार एवं द्वितीय विजेता को भी चार हजार की धनराशि मिलेगी। जिला स्तरीय भाषण के केवल प्रथम विजेता को एवं क्विज के दोनों विजेता को संभाग स्तरीय भाषण एवं क्विज में भाग लेने अवसर प्राप्त होगा।

CS Scanned with CamScanner

## Sveep (14-11-2022) One Day Special Camp



# कॉलेज में लगाया कैंप, छात्रों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े




धमतरी। मतदाता जागरूकता अभियान में स्वीप पदाधिकारी।

17/11/2022

धमतरी| पीजी कॉलेज परिसर में 14 नवम्बर को एक दिवसीय स्वीप स्पेशल कैम्प लगाकर नए मतदाता छात्र-छात्राओं का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं से वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए ऑनलाइन फार्म 6 भरवाकर वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया की गई। ऑन लाइन फार्म 6 बी भरवा कर वोटर कार्ड को आधार से लिंक भी कराया गया।

साथ ही तुकेश्वरी सांहू, अर्पणा शर्मा, महेन्द्र साहू, लीना, गजेंद्र एवं टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर वोटर कार्ड बनवाने की अपील की गई। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देते कहा कि 21 और 28 नवम्बर को भी कैंप लगाया जाएगा। स्वीप कैम्पस एंबेसडर तुकेश्वरी साहू ने वोटर हेल्पलाइन एप से ऑनलाइन फॉर्म 6 और फार्म 6 बी भरने की प्रक्रिया समझाई। डिस्ट्रिक्ट आईकॉन अंर्पणा शर्मा, महेन्द्र साहू, लीना गजेंद्र ने 'कोई भी मतदाता पीछे न छूटे' और प्रत्येक वोट मूल्यवान है। नारा लगाकर मतदान के प्रति जागरूक किया। अभियान में तोषण, लखेश्वरी, तुषार धीवर, तरूण सोनकर, युगल, कुलदीप, मनीष, प्रेमलाल, हजरूराम, साकेत का सहयोग रहा।

CS Scanned with CamScanner

5:59 pm

<u>Sveep (18-11-2022) District Level Speech & Election Quiz</u>








जाएगा। का विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कार्यशाला के माध्यम से 3-5 युवा बहुत सी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। लिए कहा।

स्वीप कार्यक्रम पीजी कालेज में हुई प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया

# क्विज स्पर्धा में तुकेश्वरी तथा भाषण में तोषण रहे अव्वल


**बीसीएस पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में विधि विभाग में कालेज स्तरीय भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

पत्रिका 16/11/2022

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

धमतरी. भाषण प्रतियोगिता का विषय लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका रखा गया था। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत के संविधान से संबंधित 20 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, जिसमें सही उत्तर में 5 अंक एवं गलत उत्तर में माइनस 2 अंक का नियम रखा गया।

स्वीप कैम्पस अम्बेडर तुकेश्वरी साहू, स्वीप डिस्ट्रीक्ट आइकान महेन्द्र कुमार साहू एवं अर्पणा शर्मा, प्राची शर्मा, तोषण साहू, यज्ञदेव, लखेश्वरी साहू, देविका साहू, नागेन्द्र इत्यादि के सहयोग से भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तोषण साहू, द्वितीय स्थान सोमेश्वर गंजीर एवं तृतीय स्थान कुसुमलता ने प्राप्त किया। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुकेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान दीपिका गोस्वामी एवं तृतीय स्थान



नीलू नारवानी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. हेमवती ठाकुर, प्रो. दुर्गेश प्रसाद एवं प्रो. कोमल प्रसाद यादव ने निभाई। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. हेमवती ठाकुर, डॉ. सीमा साहू एवं निशा तिवारी ने निभाई। स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय कालेज में 15 नवम्बर के पूर्व उक्त दोनों स्पर्धा आयोजित की जाएगी एवं प्रत्येक कॉलेज के उक्त दोनों प्रतियोगिता के केवल प्रथम विजेता को 18 नवम्बर को पीजी कॉलेज में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेने की अवसर प्राप्त होगा। इस मौके पर डॉ. हेमवती ठाकुर, प्रो. दुर्गेश प्रसाद, प्रो. कोमल प्रसाद यादव, डॉ. सपना ताम्रकार, भूपेन्द्र साहू, प्रो. निरंजन साहू, डॉ. सीमा साहू, राजेश चौरसिया, तामेश्वरी साहू, निशा तिवारी, भूपेन्द्र साहू, अर्पणा शर्मा, प्राची शर्मा, तोषण साहू, यज्ञदेव, लखेश्वरी साहू, देविका साहू, नागेन्द का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मंच संचालन महेन्द्र कुमार साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन तुकेश्वरी साहू ने किया।

Scanned with CamScanner

## Sveep (21-11-2022) One Day Special Camp






## Sveep (25-11-2022) Sector Level Speech/Election Quiz




# संभाग स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में तोषण साहू को द्वितीय स्थान



### ◆तुकेश्वरी साहू एवं युगल किशोर का भी शानदार प्रदर्शन

धमतरी, 28 नवम्बर (हाईवे चैनल)। साइंस कॉलेज, रायपुर में दिनांक 25 नवम्बर 2022 को आयोजित संभाग स्तरीय भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के तोषण साहू एवं तुकेश्वरी साहू एवं शासकीय महाविद्यालय, गनरी के युगल किशोर ने शानदार प्रदर्शन कर धमतरी जिले का नाम रौशन किया है। स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन के मार्गदर्शन में साइंस कॉलेज, रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में पी.जी. कॉलेज, धमतरी के छात्र तोषण साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर धमतरी जिले का नाम रौशन किया है। भाषण प्रतियोगिता का विषय:– लोकतंत्र में सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिकाह्लह्ल रखा गया था, जिसमें अपने शानदार वक्तव्य से तोषण साहू ने बहुत प्रभावित किया। इसी तरह इलेक्शन क्वीज प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर जिला स्तर में विजेता बनने के बाद पी.जी. कॉलेज, धमतरी की कैम्पस अंबेसडर तुकेश्वरी साहू एवं शासकीय महाविद्यालय, नगरी के युगल किशोर ने बहुत ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर जिले को गौरांवित किया है। उक्त प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन पर तोषण साहू, तुकेश्वरी साहू एवं युगल किशोर को शासकीय पी.जी. कॉलेज, धमतरी के प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे, स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, प्रो. मोहित कुर्रे सहित पूरी स्वीप टीम ने बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

## Sveep (28-11-2022) One Day Special Camp






# कालेज में लिंक हुए मतदाता और आधार कार्ड

पीजी कालेज धमतरी के मतदाता जागरूकता शिविर में परिचय पत्र के लिए प्रक्रिया पूरी करते स्वयंसेवक। ● पीजी कालेज

**धमतरी (वि.)।** मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की मतदाता परिचय पत्र बनाने के लिए 28 नवंबर को शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर प्राचार्य डा श्रीदेवी चौबे के निर्देशन, स्वीप प्रभारी प्रो पंकज जैन, स्वीप कैम्पस अंबेशेडर तुकेश्वरी साहू, डिस्ट्रिक्ट आईकान अपर्णा शर्मा, महेन्द्र साहू, लखेश्वरी साहू, लीना गजेन्द्र, खोमेश्वरी, मेनका, अनिता, संकेत साहू एवं दीपिका साहू के मार्गदर्शन में लगाया गया। शिविर में नए मतदाता छात्र-छात्राओं का आनलाइन मतदाता परिचय पत्र बनाने एवं पूर्व में बनाए गए मतदाता परिचय पत्र को आधार से लिंक करने का कार्य किया गया। पंकज जैन एवं तुकेश्वरी साहू ने बताया कि प्रदेश में अध्ययनरत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं सामान्य जन के मध्य मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से विशेष शिविर प्रतिमाह सभी कालेजों में लगाया जा रहा है। पात्र मतदाताओं का शतप्रतिशत मतदाता परिचय पत्र बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कालेज में अध्ययन रत समस्त संकायों के छात्र-छात्राओं को फार्म छह एवं फार्म छह ठ की प्रक्रिया को समझा कर मतदाता परिचय पत्र बनाने एवं मतदाता परिचय पत्र को आधारकार्ड से लिंक करने की अपील भी की।

## Sveep (08-12-2022) One Day Special Camp

